न्यूक्लियर पावर कॉर्पोरेशन ऑफ इण्डिया लिमिटेड
NUCLEAR POWER CORPORATION OF INDIA LIMITED
(भारत सरकार का उद्यम) (A Government of India Enterprise)
रावतभाटा राजस्थान साइट RAWATBHATA RAJASTHAN SITE
पोस्ट:अणुशक्ति-323303 वाया:कोटा (राज.) PO: Anushakti–323303 Via: Kota (Raj.)

## अप्रेंटिस अधिनियम, 1961 के तहत अप्रेंटिस के नियोजन के लिए अधिसूचना
## NOTICE FOR ENGAGEMENT OF APPRENTICES UNDER THE APPRENTICES ACT, 1961

**विज्ञापन सं. आर आर साइट/मा.सं.प्र./अप्रेंटिस/01/2026 Advertisement No. RR Site/HRM/Apprentice/01/2026**

**ऑनलाइन आवेदन प्रस्तुत करने की प्रारंभिक तिथि OPENING DATE FOR SUBMISSION OF ONLINE APPLICATION: 26/02/2026 -10:00 बजे से Hrs.**

**ऑनलाइन आवेदन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि LAST DATE FOR SUBMISSION OF ONLINE APPLICATION: 18/03/2026 - 16:00 बजे तक Hrs.**

एनपीसीआईएल, परमाणु ऊर्जा विभाग, भारत सरकार के अधीन कार्यरत सार्वजनिक क्षेत्र का अग्रणी एक उद्यम है, जहाँ एक ही स्थान पर नाभिकीय प्रौद्योगिकी के समस्त पहलुओं जैसे कि नाभिकीय विद्युत रिएक्टरों के स्थल चयन, डिजाइन, निर्माण, कमीशनिंग, प्रचालन, अनुरक्षण, नवीकरण, आधुनिकीकरण व उन्नयन, संयंत्र जीवन-काल विस्तार, अपशिष्ट प्रबंधन तथा डीकमीशनिंग आदि एक साथ करने की समग्र क्षमता विद्यमान है, रावतभाटा राजस्थान साइट, डाक : अणुशक्ति-323303, वाया : कोटा, राजस्थान में अप्रेंटिस अधिनियम, 1961 एवं अप्रेंटिस नियम, 1992 के तहत **ट्रेड अप्रेंटिस** लेने हेतु निम्न विवरण के अनुसार, पात्र भारतीय नागरिकों से, ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित करता है :

NPCIL, a premier Public Sector Enterprise under Department of Atomic Energy, Government of India having comprehensive capability in all facets of Nuclear Technology namely, Site Selection, Design, Construction, Commissioning, Operation, Maintenance, Renovation, Modernization, & Upgradation, Plant life Extension, Waste Management and Decommissioning of Nuclear Reactors in India under one roof, invites **applications, from eligible Indian Citizens, in the prescribed format for engagement of Trade Apprentice** under The Apprentices Act, 1961 and The Apprenticeship Rules, 1992 in the Rawatbhata Rajasthan Site, PO: Anushakti–323303 Via: Kota, Rajasthan as per following details:-

1. **आईटीआई ट्रेड का विवरण Details of ITI Trade:**

**A)**

| अप्रेंटिस के प्रकार Type of Apprentice | ट्रेड का नाम Name of Trade | पदों की संख्या No. of Seats | अनिवार्य अर्हता Essential Qualification | आयु Age | अप्रेंटिसशिप की अवधि तथा प्रति माह वृत्तिका Duration of Apprenticeship and Stipend Per Month (₹) | Total कुल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| **ट्रेड अप्रेंटिस Trade Apprentice** | फिटर Fitter | **68** | सम्बंधित ट्रेड में आई टी आई का | दिनांक 18/03/2026 को | ▪ **01 वर्ष Year** ▪ **रु Rs. 9,600/-** | **245** |
| | इलेक्ट्रिशियन Electrician | **68** | | | | |

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | इलेक्ट्रॉनिक्स मैकेनिक Electronics Mechanic | **68** | कोर्स किया गया है (पूर्णकालिक/नियमित) Completed ITI course in the relevant trade (full-time/regular) | 18 वर्ष से कम नहीं एवं 24 वर्ष से अधिक नहीं हो। अजा/अजजा/अपिव (गैर- क्रीमी लेयर)/ बेनिज के लिए भारत सरकार के दिशा निर्देशानुसार आयु सीमा में छूट प्रदान की जाएगी। Should not be less than 18 years and more than 24 years as on 18/03/2026. The relaxation in age to SC/ST/OBC (NCL)/PwBD will be given as per Guidelines issued by Government of India. | | |
| | प्रोग्रामिंग एन्ड सिस्टम्स एडमिनिस्ट्रेशन असिस्टेंट {कंप्यूटर आपरेटर एवं प्रोग्रामिंग असिस्टेंट (कोपा)} Programming and Systems Administration Assistant {Computer Operator and Programming Assistant (COPA)} | **10** | | | | |
| | टर्नर Turner | **10** | | | | |
| | मशीनिष्ट Machinist | **10** | | | | |
| | वेल्डर Welder | **11** | | | | |
| **कुल योग Grand Total** | | **245** | | | | |

## B) वर्ग अनुसार विवरण Category-Wise Details:

**I) ट्रेड अप्रेंटिसTrade Apprentice**

| ट्रेड का नाम Name of Trade | पदों की संख्या No. of Seats | अ.जा. SC | अ.ज.जा. ST | अन्य पिछड़ा वर्ग (नॉन क्रीमीलेयर) OBC (NCL) | आर्थिक कमजोर वर्ग EWS | अनारक्षित UR | बेंचमार्क निशक्तजन PwBD# |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| फिटर Fitter | 68 | 12 | 08 | 13 | 7 | 28 | 2 |
| इलेक्ट्रिशियन Electrician | 68 | 12 | 08 | 14 | 7 | 27 | 2 |
| इलेक्ट्रॉनिक्स मैकेनिक Electronics Mechanic | 68 | 12 | 08 | 13 | 6 | 29 | 1 |
| प्रोग्रामिंग एन्ड सिस्टम्स एडमिनिस्ट्रेशन असिस्टेंट {कंप्यूटर आपरेटर एवं प्रोग्रामिंग असिस्टेंट (कोपा)} Programming and Systems Administration Assistant {Computer Operator and Programming Assistant (COPA)} | 10 | 1 | 2 | 2 | 1 | 4 | 1 |
| टर्नर Turner | 10 | 1 | 2 | 2 | 1 | 4 | 1 |
| मशीनिष्ट Machinist | 10 | 1 | 2 | 2 | 1 | 4 | 1 |
| वेल्डर Welder | 11 | 2 | 1 | 3 | 1 | 4 | 1 |
| **कुल Total** | **245** | **41** | **31** | **49** | **24** | **100** | **09** |

**संक्षिप्ति**: अजा- अनुसूचित जाति, अजजा-अनुसूचित जनजाति, अपिव (गैर- क्रीमी लेयर) -अन्य पिछड़ा वर्ग (गैर- क्रीमी लेयर), बेनिज-बेंचमार्क नि:शक्त जन , ईडब्ल्यूएस – इकॉनोमिकली विकर सेक्शन (आर्थिक रूप से कमज़ोर वर्ग), अना- अनारक्षित |

**Abbreviation:** SC-Scheduled Caste, ST-Scheduled Tribe, OBC (Non-Creamy Layer) -Other Backward Classes (Non-Creamy Layer), PwBD-Persons with Benchmark Disability, EWS – Economically Weaker Section, UR-Unreserved.

**# नोट : उपरोक्त पदों में कुल 09 रिक्तियां क्षैतिज रूप से बेंचमार्क निशक्तजन अभ्यर्थियों के लिए आरक्षित हैं |**

**# Note:** Total 09 vacancies in the above posts are reserved horizontally for PwBD candidates.

**2**. निर्धारित बेंचमार्क निशक्तजन व्यक्तियों के लिए किए गए अप्रेंटिस पद निम्नानुसार हैं (प्रासंगिक अपंगता 40% से कम नहीं होना चाहिए | )| The Apprentice posts identified for PwBD's are as under (Relevant Disability should not be less than 40%):-

| अप्रेंटिस के प्रकार<br>Apprentice type | ट्रेड /संकाय<br>Trade/ Disciplines | निर्धारित नि:शक्तता श्रेणीयां<br>Identified Disablement Categories |
|---|---|---|
| ट्रेड अप्रेंटिस<br>Trade Apprentice | फिटर Fitter | बहरा या गूंगा, बहरा तथा गूंगा, कम दृष्टि, एक टांग<br>Deaf (D) or Dumb (d), Deaf and Dumb (Dd), Low Vision (LV), One Leg (OL) |
| | इलेक्ट्रिशियन Electrician | बहरा या गूंगा, बहरा तथा गूंगा, कम दृष्टि, एक टांग<br>Deaf (D) or Dumb (d), Deaf and Dumb (Dd), Low Vision (LV), One Leg (OL) |
| | इलेक्ट्रॉनिक्स मैकेनिक Electronics Mechanic | बहरा या गूंगा, बहरा तथा गूंगा, एक टांग, दोनों टांग<br>Deaf (D) or Dumb (d), Deaf and Dumb (Dd), One Leg (OL), Both Legs (BL) |
| | प्रोग्रामिंग एन्ड सिस्टम्स एडमिनिस्ट्रेशन असिस्टेंट {कंप्यूटर आपरेटर एवं प्रोग्रामिंग असिस्टेंट (कोपा)}<br>Programming and Systems Administration Assistant {Computer Operator and Programming Assistant (COPA)} | बहरा या गूंगा, बहरा तथा गूंगा, कम दृष्टि, दोनों टांगे<br>Deaf (D) or Dumb (d), Deaf and Dumb (Dd), Low Vision (LV), Both Legs (BL) |
| | टर्नर Turner | बहरा या गूंगा, बहरा तथा गूंगा, कम दृष्टि, एक टांग<br>Deaf (D) or Dumb (d), Deaf and Dumb (Dd), Low Vision (LV), One Leg (OL) |
| | मशीनिष्ट Machinist | बहरा या गूंगा, बहरा तथा गूंगा, कम दृष्टि, केवल छोटी उंगली क्षतिग्रस्त<br>Deaf (D) or Dumb (d), Deaf and Dumb (Dd), Low Vision (LV), Only Small finger damaged |
| | वेल्डर Welder | बहरा या गूंगा, बहरा तथा गूंगा, एक टांग, एक हाथ की तीन उंगलियों के बिना<br>Deaf (D) or Dumb (d), Deaf and Dumb (Dd), One Leg (OL), Without three fingers of one hand |

### 3. अनिवार्य अर्हता Essential Qualification

### A) ट्रेड अप्रेंटिस Trade Apprentice:

| **क्र.सं. S. No** | **ट्रेड Trade** | **अनिवार्य अर्हता Essential Qualification** |
|---|---|---|
| 1 | फिटर Fitter | संबंधित ट्रेड में आईटीआई उत्तीर्ण प्रमाणपत्र (पूर्णकालिक/नियमित)<br>ITI Pass Certificate in respective Trade (Full-time/Regular) |
| 2 | इलेक्ट्रिशियन Electrician | |
| 3 | इलेक्ट्रॉनिक्स मैकेनिक Electronics Mechanic | |
| 4 | प्रोग्रामिंग एन्ड सिस्टम्स एडमिनिस्ट्रेशन असिस्टेंट {कंप्यूटर आपरेटर एवं प्रोग्रामिंग असिस्टेंट (कोपा)} | |

| | | |
|---|---|---|
| | Programming and Systems Administration Assistant {Computer Operator and Programming Assistant (COPA)} | |
| 5 | टर्नर Turner | |
| 6 | मशीनिष्ट Machinist | |
| 7 | वेल्डर Welder | |

**B)** ऐसे अभ्यर्थियों, जिन्हें सीजीपीए प्रणाली के अनुसार ग्रेड अवार्ड किया जाता हो, उनके विश्वविद्यालय/संस्थान द्वारा सीजीपीए प्रणाली के अनुसार ग्रेड को उपयुक्त प्रतिशत में परिवर्तित करने का साक्ष्य, जो पद के लिए विज्ञापित आवश्यकता को पूरा करना चाहिए, प्रस्तुत करना होगा। सीजीपीए/सीपीआई पैटर्न के तहत् % अंक निर्धारित करने में यदि कोई अस्पष्टता मौजूद है और रुपांतरण उपलब्ध नहीं है, या संबंधित विश्वविद्यालय/संस्थान द्वारा प्रदान नहीं किया गया है, तो ऐसे मामलों में निम्नलिखित मानकों का पालन किया जाएगा:-

Applicants who are awarded gradation under the CGPA system are required to bring proof issued by the University/Institute converting the CGPA gradation into appropriate percentage, which should meet the advertised requirement for the post. If any ambiguity exists in deciding %age of marks where it is under CGPA/CPI pattern and conversion is not available or not provided by respective University/Institute, in such cases following standards will be followed :

| योग्यता परीक्षा में अंको का %<br><br>%age of marks in qualifying examination | 10 प्वाइंट स्केल पर समकक्ष सीजीपीए/ सीपीआई<br><br>Equivalent CGPA/CPI on 10 Point scale | 9 प्वाइंट स्केल पर समकक्ष सीजीपीए/ सीपीआई<br><br>Equivalent CGPA/CPI on 9 Point scale | 8 प्वाइंट स्केल पर समकक्ष सीजीपीए/ सीपीआई<br><br>Equivalent CGPA/ CPI on 8 Point scale | 7 प्वाइंट स्केल पर समकक्ष सीजीपीए/ सीपीआई<br><br>Equivalent CGPA/CPI on 7 Point scale | 6 प्वाइंट स्केल पर समकक्ष सीजीपीए/ सीपीआई<br><br>Equivalent CGPA/CPI on 6 Point scale | 5 प्वाइंट स्केल पर समकक्ष सीजीपीए/ सीपीआई<br><br>Equivalent CGPA/CPI on 5 Point scale | 4 प्वाइंट स्केल पर समकक्ष सीजीपीए/ सीपीआई<br><br>Equivalent CGPA/CPI on 4 Point scale |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 55% | 5.9 | 4.9 | 4.4 | 3.8 | 3.3 | 2.7 | 2.0 |
| 60% | 6.5 | 5.4 | 4.8 | 4.2 | 3.6 | 3.0 | 2.2 |
| 65% | 7.0 | 6.0 | 5.3 | 4.6 | 4.0 | 3.3 | 2.5 |

## 4. <u>भारत सरकार के आदेशों के अनुसार अधिकतम आयु में छूट Age Relaxation as per Government of India Orders:</u>

**a)**

| **श्रेणी Category** | **आयु में छूट Age relaxation** |
|---|---|
| अ.जा./अ.ज.जा. SC/ST | 05 वर्ष Years |
| अ.पि.व (एन.सी.एल) OBC (NCL) | 03 वर्ष Years |

**b)**

| **श्रेणी -बेंचमार्क निशक्तजन वर्ग**<br>**Category - PwBD category** | **आयु में छूट Age relaxation** |
|---|---|
| सामान्य एवं ईडब्लूएस General & EWS | 10 वर्ष Years |
| अ.जा./अ.ज.जा. SC/ST | 15 वर्ष Years |
| अ.पि.व (एन.सी.एल) OBC (NCL | 13 वर्ष Years |

## 5. प्रशिक्षण का स्थान Place of Training

रावतभाटा राजस्थान साइट, डाक : अणुशक्ति, वाया : कोटा, राजस्थान, पिन –323303
Rajasthan Rawatbhata Site, PO: AnushaktiVia: Kota, Rajasthan. PIN-323303

## 6. प्रशिक्षण के लिए शारीरिक योग्यता का मापदंड
## Standard of physical fitness for training

| | |
|---|---|
| अभ्यर्थियों की शारीरिक स्वस्थता अप्रेंटिस अधिनयम, 1961 एवं अप्रेंटिस नियम, 1992, के प्रावधानों के अनुसार निश्चित किया जाएगा \| तथापि निम्नलिखित न्यूनतम मानदंड है, जिसे अभ्यर्थियों द्वारा पूरा किया जाना है: Physical fitness of the candidates will be ascertained as per provisions of The Apprentices Act, 1961 and Apprenticeship Rules, 1992. However, following are the minimum standards that the candidates should fulfil : | |
| शारीरिक योग्यता का मापदंड Standard of Physical Fitness | अभ्यर्थी सांसर्गिक या संक्रामक रोग से मुक्त होना चाहिए \| उसे किसी ऐसी बीमारी से ग्रसित नहीं होना चाहिए जो अप्रेंटिस के दौरान कार्य करने से बढ़ती हो या उसे अप्रेंटिस के दौरान कार्य के लिए अयोग्य कर दे अथवा अन्य लोगों के स्वास्थ्य को खतरे में डालती हो\| उसे किसी भी प्रकार के यक्ष्मा रोग (टी.बी.) सक्रिय या सुप्त से मुक्त होना चाहिए\| A candidate should be free from evidence of any contagious or infectious disease. He/She should not be suffering from any disease, which is likely to be aggravated by work during apprenticeship or is likely to render him unfit for work during apprenticeship or to endanger of health of the public. He/She should be free from evidence of Tuberculosis in any form, active or healed. |
| अभ्यर्थियों को निम्नलिखित न्यूनतम मापदंड पूर्ण किए जाने चाहिए : The Candidates should have the following minimum standards: | |
| ऊँचाई Height | 137 सेमी एवं अधिक 137 cms and above |
| वजन Weight | 25.4 किलोग्राम एवं अधिक 25.4 Kg and above |
| सीना Chest measurement | विस्तार 3.8 सेमी. से कम नहीं होना चाहिए (सीने के आकार को छोड़कर) Expansion should not be less than 3.8 cms (irrespective of size of chest) |
| दृष्टि Vision | किसी भी नेत्र या उसकी पलकों में किसी प्रकार की कोई विकृति जिससे कोई जोखिम पैदा हो या जोखिम बढ़े अथवा जोखिम की बारंबारता बढ़े, नहीं होनी चाहिए\| There should be no evidence of any morbid condition of either eye and the lids of either eye which may be liable to risk or aggravation or recurrence. |
| टिप्पणी Note | शॉर्टलिस्ट किए गए अभ्यर्थियों को ट्रेड प्रशिक्षुओं के रूप में नियुक्त होने से पूर्व दस्तावेज़ सत्यापन के समय सरकार द्वारा मान्य रजिस्टर्ड चिकित्सक द्वारा जारी मेडिकल फिटनेस प्रमाण पत्र (जो उपरोक्त मानदंडों को पूरा करें) प्रस्तुत करना आवश्यक है। Shortlisted candidates are required to submit medical fitness certificate (fulfilling parameters as mentioned above) issued by Government Registered Medical Practitioners at the time of document verification before being engaged as Trade Apprentices. |

## 7. चयन प्रक्रिया Selection Procedure

- अभ्यर्थियों का चयन सम्बंधित आईटीआई ट्रेड में प्राप्त अंकों के प्रतिशत पर आधारित होगा तथा अभ्यर्थियों को सभी आवश्यक जानकारी ऑनलाइन आवेदन पत्र में प्रस्तुत करनी होगी। अभ्यर्थी जिन्होंने ऑनलाइन प्रपत्र में समस्त अपेक्षित सूचनाएं प्रस्तुत की हैं, को संबंधित आई टी आई ट्रेड में प्राप्त अंक प्रतिशत के आधार पर शॉर्ट लिस्ट किया जाएगा | इसके उपरान्त अभ्यर्थियों का चयन दस्तावेज़ सत्यापन के सफलतापूर्वक पूर्ण होने पे किया जाएगा |

  The selection of candidates will be based on the percentage of marks secured by the candidates in respective ITI trade and the candidates are required to submit all the necessary information in the online application form. The candidates who have submitted all the necessary information in the online form will be shortlisted based on the percentage secured by the candidates in the respective ITI trade. Subsequently, selection of the candidates will be done after successfully completing the Document Verification process.

- आई टी आई में प्राप्त अंकों का प्रतिशत बराबर होने पर अभ्यर्थी, जिसका जन्म पहले हुआ हो, पर विचार

किया जाएगा |
In case of tie in the percentage of ITI marks, the candidate born earlier shall be considered.

- जन्म की तारीख भी समान रहने पर ऐसे अभ्यर्थी जिन्होंने दसवीं/आठवीं (आठवीं केवल वेल्डर ट्रेड के अभ्यर्थियों के लिए) परीक्षा में अधिक प्रतिशत प्राप्त किए हों, को वरीयता सूची में ऊपर रखा जाएगा|
In case of tie in the Date of Birth, candidates with higher percentage obtained in 10th/ 8th (8th class only in case of welder) standard will be placed higher in the merit list.

- रावतभाटा राजस्थान साइट, पोस्ट अणुशक्ति, रावतभाटा के 16 कि.मी. में निवास करने वाले पात्र स्थानीय अभ्यर्थियों को वरीयता दी जायेगी |
Preference will be given to the eligible local candidates living within 16 km radius of Rawatbhata Rajasthan Site, P.O. Anushakti, Rawatbhata.

**8. सामान्य शर्तें General Conditions**

a. अभ्यर्थियों को उपरोक्त अंतिम तिथि को या उससे पहले ऑनलाइन प्रारूप में विधिवत भरा हुआ आवेदन प्रस्तुत करना होगा| Candidates are required to submit duly filled application in the prescribed online format on or before the above-mentioned closing date.

b. वे अभ्यर्थियों, जो अप्रेंटिस अधिनियम, 1961 के तहत किसी सरकारी अथवा सार्वजानिक क्षेत्र के उपक्रम या निजी औद्योगिक संगठन में वर्तमान में अप्रेंटिस कर रहे हैं, आवेदन करने के लिए पात्र नहीं हैं|

Candidates who have already undergone or are currently undergoing Apprenticeship under The Apprenticeship Act, 1961 in any Government or PSU or Private Industrial Organisation are not eligible to apply.

c. प्रशिक्षण के लिए चयनित अभ्यर्थियों को केवल उन कारणों, जो कि उनके नियंत्रण में नहीं हैं, के अलावा किसी और कारण के लिए प्रशिक्षण छोड़ने की अनुमति नहीं होगी | प्रशिक्षण आरंभ होने से पूर्व अभ्यर्थियों को अप्रेंटिसशिप अनुबंध करना होगा |

Candidates selected for training will not be allowed to withdraw from training except for reasons which are beyond their control. Before commencement of the training, the candidates will have to execute a Contract of Apprenticeship.

d. प्रत्येक अप्रेंटिस जिसने प्रशिक्षण की अवधि पूर्ण कर ली होगी, वो राष्ट्रीय व्यावसायिक ट्रेड प्रशिक्षण परिषद् द्वारा संचालित परीक्षण में भाग ले कर दिए गए ट्रेड में अपनी दक्षता सुनिश्चित कराएँगे | राष्ट्रीय परिषद् द्वारा परीक्षण उत्तीर्ण करने पर ही केवल संबंधित ट्रेड में दक्षता प्रमाणपत्र जारी किया जाएगा |

Every Apprentice who has completed the period of training will have to undergo a test to be conducted by the National Council for Training in vocational trade to determine his proficiency in the designated trade. Only on passing the test, a Certificate of Proficiency in the trade would be issued by the National Council.

e. अप्रेन्टिसों का लिया जाना एवं प्रशिक्षण देना पूरी तरह से अप्रेंटिस अधिनियम, 1961, अप्रेंटिस नियम, 1992 तथा एनपीसीआईएल में अप्रेन्टिसों को नियुक्त करने के लिए दिशानिर्देश, के प्रावधानों के अनुपालन में है, एवं प्रशिक्षण पूर्ण होने पर अप्रेंटिस को रोजगार देने की कोई बाध्यता नहीं है|

The engagement and training are strictly in compliance with the provision of The Apprentices Act, 1961, The Apprenticeship Rules, 1992, and Guidelines for engaging apprentices in NPCIL there is no obligation for employment of the Apprentices on Completion of their training.

f. निर्धारित ट्रेड/संकाय में अप्रेंटिस प्रशिक्षण ले रहा प्रत्येक व्यक्ति अप्रेंटिस अधिनियम,1961, तथा अप्रेंटिस नियम, 1992, के अनुसार एनपीसीआईएल के साथ अप्रेंटिस अनुबंध में प्रवेश करेगा। वह अप्रेंटिस अनुबंध अप्रेंटिस प्रशिक्षण की अवधि समाप्त होने पर समाप्त होगी | अप्रेंटिस अनुबंध की कोई भी समय- पूर्व समाप्ति अथवा समय विस्तार उक्त अधिनियम, 1961, और उसके साथ पढ़े जाने वाले अप्रेंटिस नियम, 1992, और समय समय पर होने वाले संशोधनों के अनुसार किए जाएंगे |

Any person engaged to undergo apprentice training in a designated trade/discipline shall enter in to contract of apprenticeship with NPCIL as per the Apprentices Act, 1961 and the Apprenticeship Rules, 1992. The contract of apprenticeship shall terminate on the expiry of the period of apprenticeship training. Any premature termination or extension of contract of apprentice shall be dealt as per the provisions of the Act, 1961 read with the Apprentices Rules, 1992 and amendments from time to time.

g. प्रशिक्षण पूर्ण होने पर अप्रेंटिस को एनपीसीआईएल में रोजगार का दावा करने का कोई अधिकार नहीं होगा|

The apprentice after completion of the training shall have no right to claim any employment in NPCIL.

**रोज़गार की बाध्यता:** अप्रेंटिस को रखा जाना अप्रेंटिस अधिनियम, 1961, के उपबंधों के अनुसार है और इसलिए एनपीसीआईएल के लिए ये बाध्यकारी नहीं होगा के वे किसी भी अप्रेंटिस को जिसने अपनी अप्रेंटिसशिप अवधि को पूरा कर लिया है, रोज़गार का प्रस्ताव दें और न ही यह अप्रेंटिस के लिए बाध्यकारी होगा कि वे एनपीसीआईएल के अधीन रोज़गार स्वीकार करें|

**Obligation for employment:** The engagement of apprentice is as per the provisions of the Apprentices Act, 1961, and therefore neither shall be obligatory on the part of NPCIL to offer any employment to any apprentice who has completed the period of his/her apprenticeship training nor shall it be obligatory on the part of apprentices to accept an employment under NPCIL

h. **पुलिस सत्यापन प्रमाणपत्र** : एनपीसीआईएल, रावतभाटा राजस्थान साइट अत्यंत संरक्षित क्षेत्र होने के कारण, अप्रेंटिस को लेटेस्ट पुलिस सत्यापन प्रमाणपत्र, जो कि सम्बंधित पुलिस प्राधिकारियों द्वारा जारी किया गया हो, प्रस्तुत करने के पश्चात ही लिया जाएगा|

**Police verification certificate:** NPCIL, Rawatbhata Rajasthan Site being highly protected area**,** apprentices will be engaged only after submission of latest Police Verification Certificate issued by concerned Police Authorities.

i. संबंधित संस्थान द्वारा जारी चरित्र/आचरण प्रमाण-पत्र |
Character/conduct certificate from the concerned Institution.

j. दस्तावेजों के सत्यापन के समय अनुसूचित जाति**/**अनुसूचित जनजाति**/**अन्य पिछड़ा वर्ग के सभी अभ्यर्थी जाति प्रमाण पत्र जारी करने के लिए प्राधिकृत सक्षम प्राधिकारी द्वारा भारत सरकार द्वारा निर्धारित प्रपत्र में जारी वैध जाति प्रमाण पत्र की स्व-सत्यापित प्रति**,** मूल प्रति के साथ सत्यापन के लिए प्रस्तुत करेंगे | अन्य पिछड़ा वर्ग प्रमाण-पत्र में क्रीमी लेयर /गैर क्रीमी लेयर स्थिति के बारे में उल्लेख होना चाहिए | केवल वे अन्य पिछड़ा वर्ग अभ्यर्थी जिनके पास गैर- क्रीमी लेयर का प्रमाण पत्र है, भारत सरकार के दिशानिर्देशों के अनुसार आरक्षण के लिए पात्र है| अन्य पिछड़ा वर्ग अभ्यर्थी ऑनलाइन आवेदन करते समय "क्रीमी लेयर" अथवा "गैर क्रीमी लेयर", जो लागू हो, की स्थिति स्पष्ट करेंगे|

All the candidates belonging to SC / ST / OBC category shall produce self-attested copy of the valid caste certificate in the prescribed Government of India format from the Competent Authority empowered to issue such certificate along with originals for verification at the time of document verification. OBC certificate should mention about Creamy layer / Non-Creamy layer status. OBC candidates with certificate having the "Non-Creamy Layer Clause" only will be eligible for reservation as per Government of India guidelines. The OBC applicants have to indicate their status as "Creamy Layer" or "Non Creamy Layer" as the case may be while filling online application.

k. अभ्यर्थियों को आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग (ईडब्ल्यूएस) के लिए भारत सरकार द्वारा निर्धारित प्रारूप में सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी वर्ष 2025-26 हेतु वैध आय एवं सम्पति प्रमाणपत्र प्रस्तुत करना होगा (यदि लागू हो) |

Candidates shall produce Income and Assets Certificate Valid for the year 2025-26 issued by a Competent Authority in the prescribed Government of India format for EWS category (if applicable).

l. अभ्यर्थियों को बेंचमार्क निशक्तजन के मामले में निर्धारित प्रपत्र में सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी निशक्तता प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना होगा (यदि लागू हो) |
Candidates shall produce Disability Certificate issued by the Competent Authority in the prescribed format in respect of Person with Benchmark Disabilities (PwBD) [if applicable].

m. अभ्यर्थी द्वारा एक ही ट्रेड हेतु बहुल/डुप्लीकेट आवेदन की स्थिति में केवल अद्यतन (नवीनतम) आवेदन पर ही विचार किया जाएगा।
In case of multiple/duplicate applications by candidate for the same trade, only latest application will be considered.

n. यदि अभ्यर्थी एक से अधिक ट्रेड पर आवेदन करने के लिए पात्र है और एक से अधिक ट्रेडों पर आवेदन करने के इच्छुक हैं, तो उन्हें प्रत्येक ट्रेड के लिए पृथक रूप से आवेदन करना होगा। हालांकि, अभ्यर्थी का अंतिम पैनल हेतु चयन (यदि पात्र हो तो) किस ट्रेड में किया जाएगा वह निगम की आवश्यकता पर निर्भर होगा **|**

If applicant is eligible to apply in more than one trades & wish to apply in multiple trades, he/she must submit separate application for each. However, the trade in which the candidate shall be selected (if eligible) for final empanelment will be based on requirement of the Corporation.

**9.** अप्रेंटिसशिप के लिए चयनित अभ्यर्थियों के लिए कोई छात्रावास/परिवहन सुविधा उपलब्ध नहीं करवाई जाएगी|
No hostel/transport facility shall be provided to the selected candidates for apprenticeship.

**10.** अभ्यर्थियों को अप्रेंटिस के चयन के समय अपनी व्यवस्था स्वयं करनी होगी, एवं भोजन तथा आवास के लिए सभी खर्चों को वहन करना होगा। Candidates will have to make their own arrangements and bear all expenses towards lodging and boarding during the process for engagement of apprentices.

**11.** आयु सीमा, अर्हता आदि की गणना करने के लिए ऑनलाइन आवेदन प्रस्तुत करने की अंतिम तारीख अर्थात 18/03/2026 ही कट-ऑफ़ डेट होगी| यदि किन्हीं प्रशासनिक/तकनीकी कारणों से ऑन-लाइन आवेदन करने की अंतिम तिथि बढ़ा भी दी जाए तो भी सभी योग्यता मानदंडों का निर्धारण करने के लिए दी गई निर्धारित तिथि अपरिवर्तित ही रहेगी |

The cut-off date for reckoning age limit, qualification etc. would be closing date prescribed for submitting online application i.e 18/03/2026. The cut-off date for determining all eligibility would remain same even if the closing date for submission of online application is extended for administrative/technical reasons.

**12.** अभ्यर्थियों को सलाह दी जाती है कि वे भर्ती प्रक्रिया के समाप्त होने तक एक वैध एवं सक्रिय व्यक्तिगत ई-मेल आईडी एवं मोबाईल नंबर रखे । एक बार पंजीकृत हो जाने के बाद ई-मेल आईडी एवं मोबाईल नंबर बदलने की अनुमित नही होगी **|**
Candidates are advised to have a valid and active personal e-mail id & mobile number till the completion of the selection process. No change in the e-mail id and mobile number will be allowed once registered.

**13.** आवेदक की अभ्यर्थिता अस्थायी होगी और बाद में प्रमाण पत्र/ साक्ष्यों आदि के सत्यापन के अधीन होगी। यदि किसी भी चरण में यह पाया जाता है कि अभ्यर्थी ने असत्य या गलत जानकारी प्रस्तुत की है, तो अभ्यर्थी की अभ्यर्थिता निरस्त की जा सकती है।

The candidature of the applicant would be provisional and subject to subsequent verification of certificates/testimonials etc. At any stage if it is found that the candidate has furnished false or incorrect information, then the candidature of the candidate is liable to be cancelled.

**14.** इस प्रक्रिया के किसी भी स्तर जिसमें अप्रेंटिसशिप प्रशिक्षण ज्वाइनिंग भी शामिल है, पर यदि निम्नलिखित में से कुछ भी पाया जाता है तो, उक्त आवेदक को अयोग्य ठहराया जा सकता है, अभियोजित किया जा सकता है और आवेदक के आवेदन/ अप्रेंटिसशिप प्रशिक्षण को तुरंत निरस्त कर दिया जाएगा तथा एनपीसीआईएल इस संबंध में किसी भी प्रकार के पत्र व्यवहार पर विचार नहीं करेगा ।
At any stage of this process or joining of Apprenticeship Training, if any of the following is detected, the said applicant will be liable to be disqualified, prosecuted and debarred for apprenticeship in NPCIL and applicant's application/apprenticeship training shall be rejected forthwith and NPCIL will not entertain any correspondence on the issue:-

a. गलत सूचना दी है या गलत दस्तावेज प्रसतुत किए है या
Has provided false information or submitted false documents or

b. संबंधित सूचना को छिपाया है या
Has suppressed relevant information or

c. पद हेतु निर्धारित मानदंड पूरे नहीं करते है या
Does not meet the eligibility criteria prescribed for the apprenticeship training or

d. छदमरूप धारण करने के दोषी पाए जाते हैं या
Is found guilty of impersonation or

e. उसने अमानवीय या अनुचित फोटोग्राफ अपलोड किए है।
Has uploaded non-human or irrelevant photograph.

**15.** **विवाद:** किसी भी विवाद की स्थिति में**,** न्यायाधिकार क्षेत्र राजस्थान**,** होगा।
**Dispute:** In case of any dispute, legal jurisdiction shall be at Rajasthan.

**16.** प्रबंधन किसी विशेष ट्रेड में सीटों की संख्या निरस्त करने अथवा बदलने और यहॉ तक कि अप्रेंटिसों के चयन की पूरी प्रकिया को ही बिना कोई कारण बताए निरस्त करने का अधिकार अपने पास सुरक्षित रखता है।
Management reserves the right to cancel or alter the number of seats of particular trade or even the entire process of engagement of apprentices without assigning any reasons whatsoever.

**17.** अर्हता, आवेदनों की स्वीकार्यता अथवा आपत्ति, चयन का ढंग, आंशिक अथवा पूर्ण रूप से चयन प्रक्रिया का निरस्तीकरण, इत्यादि से संबंधित सभी मामलों में प्रबंधन का निर्णय अंतिम होगा और सभी अभ्यर्थियों के लिए बाध्यकारी होगा। इस विषय में किसी पत्र-व्यवहार पर विचार नहीं किया जाएगा। सीटों का भरा जाना अभ्यर्थी की उपयोगिता के आधार पर पूरी तरह प्रबंधन के विवेक पर होगा और अनुपयोगिता/ अभ्यर्थियों की अपर्याप्त संख्या के कारण यदि इनमें से कुछ सीटें नहीं भरी जाती हैं तो रखे जाने के विषय में कोई दावा पैदा नहीं होगा।
The decision of Management will be final and binding on all candidates on all the matters relating to eligibility, acceptance or objection of the applications, mode of selection, cancellation of the selection process either in part or full etc. No correspondence will be entertained in this regard. Filling up of the seats is solely at the discretion of the management based on suitability of candidate and no claim will arise for engagement, if some of these seats are not filled due to unsuitability/insufficient number of candidates.

**18. आवेदन कैसे करें** How to Apply

a) इच्छुक अभ्यर्थियों जो पात्रता मानदंड को पूरा करते हैं, को प्रथम National Apprenticeship Promotion Scheme 2.0 (NAPS 2.0) से संबन्धित पोर्टल पर स्वयं को निम्नानुसार पंजीकृत करना होगा: Interested candidates who fulfill the eligibility criteria should first register themselves (as a candidate) on National Apprenticeship Promotion Scheme 2.0 (NAPS 2.0) related portal as given below:

1.1 इच्छुक अभ्यर्थियों को National Apprenticeship Promotion Scheme 2.0 (NAPS 2.0) से संबन्धित कौशल विकास एवं उध्यमिता मंत्रालय के वेब पोर्टल "https://www.apprenticeshipindia.gov.in" पर स्वयं को पंजीकृत करना होगा।

Interested candidates need to register themselves at National Apprenticeship Promotion Scheme 2.0 (NAPS 2.0) related web portal of Ministry of Skill Development & Enterpreneurship i.e. "https://www.apprenticeshipindia.gov.in".

1.3 अभ्यर्थी यह अवश्य सुनिश्चित करे, कि उनका बैंक खाता उनके आधार नंबर से जुड़ा हुआ हो | The candidate must ensure that, his/her Aadhar Number is seeded with his/her Bank Account.

b) उपरोक्तानुसार पंजीकृत होने के बाद किसी पद के लिए निर्धारित पात्रता मानदंडों को पूरा करने वाले अभ्यर्थी एनपीसीआईएल वेबसाइट "www.npcilcareers.co.in" पर आवेदन कर सकते हैं। आवेदन करने से पहले, अभ्यर्थी शिक्षु (अप्रेन्टिस) प्रशिक्षण के लिए अपनी पात्रता सुनिश्चित कर लें। **एनपीसीआईएल वेबसाइट पर आनलाइन आवेदन 26.02.2026 (10:00 बजे) से उपलब्ध होगा और आनलाइन आवेदन 18.03.2026 (16:00 बजे) तक किया जा सकता है।**

After getting registered as mentioned above, candidates meeting the prescribed eligibility criteria for any post may submit the application form available at the NPCIL website "www.npcilcareers.co.in". Before applying, the candidate shall ensure his/her eligibility for apprentice training. **The online application form will be available on the website from 26.02.2026 (at 10:00 Hrs.) and the online submission of application will be open till 18.03.2026 (16:00 Hrs.).**

c) जिन अभ्यर्थियों ने एनएपीएस 2.0 से संबन्धित वेबपोर्टल "https://www.apprenticeshipindia.gov.in" पर स्वयं को पंजीकृत करा लिया है उन्हे निम्नानुसार यहा भी आवेदन करना होगा: Those candidates who have enrolled for apprenticeship on NAPS 2.0 related web portal "https://www.apprenticeshipindia.gov.in" have to also apply for the following:

d) ट्रेड अप्रेंटिस को रावतभाटा राजस्थान साइट की **इस्टैब्लिशमेंट रजिस्ट्रेशन संख्या E08160800007**, के द्वारा भी उक्त पद के लिए आवेदन करना होगा।

Trade apprentice needs to apply through the Establishment Registration No. **E08160800007**, the Establishment ID for Rawatbhata Rajasthan Site, Nuclear Power Corporation of India Ltd.

e) ऑन-लाइन आवेदन करने से पहले जेपीईजी फार्मेट में अधिकतम 50 केबी (अधिकतम 480 x 640 पिक्सल) व न्यूनतम 10 केबी (न्यूनतम 180 x 240 पिक्सल) में तथा अपने हस्ताक्षर को भी जेपीईजी फार्मेट में अधिकतम 20 केबी (अधिकतम 160 x 560 पिक्सल) व न्यूनतम 80 x 100 पिक्सल में स्कैन कर लेना चाहिए।

Before applying online candidate should scan her/his photograph in JPEG format, of size not more than 50KB (maximum 480 X 640 Pixels) and a minimum of 10 KB (minimum 180 x 240 pixels) and signature in JPEG format of size not more than 20KB (maximum 160 x 560 pixels) and a minimum of 80 x 100 pixels.

**टिप्पणी: यदि संबंधित इस्टैब्लिशमेंट आईडी में आवेदन नहीं किया गया है,तो आवेदन स्वीकार नहीं किये जायेंगे।**

**NOTE: The applications will not be accepted, if not applied in the respective Establishment Ids.**

f) अभ्यर्थियों को दस्तावेजों के सत्यापन के समय मूल दस्तावेजों के साथ उनके मामले में यथाप्रयोज्य निम्नलिखित प्रमाणपत्रों/दस्तावेजों की स्व-सत्यापित प्रतियाँ हस्ताक्षरित ऑनलाइन आवेदन के प्रिंटआउट के साथ अनिवार्य रूप से प्रस्तुत करनी होगी :-

Candidates are required to submit invariably self-attested copy of the following certificates/documents as applicable to his/her case along with the printout of duly signed online application at the time of document verification with originals: -

a. ऑनलाइन आवेदन पर उचित स्थान पर हाल ही का पासपोर्ट आकार का फोटो |

Recent passport size photograph at appropriate place in the online application.

b. ऑनलाइन आवेदन पर उचित स्थान पर अभ्यर्थी के हस्ताक्षर |

Candidate's signature at appropriate place in the online application.

c. सरकार द्वारा निर्धारित प्रपत्र में सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी जन्म प्रमाण पत्र/ एसएससी या 10 वीं अंक तालिका/ प्रमाण पत्र या स्कूल छोड़ने का प्रमाण पत्र, जिसमें जन्म तिथि का उल्लेख हो|

Birth Certificate issued by the Competent Authority in the prescribed format by the Government/SSC or 10th Mark Sheet/Certificate or School Leaving Certificate, indicating Date of Birth.

d. शैक्षणिक योग्यता (10 वीं/12 वीं की अंक तालिकाएं)

Educational Qualification (10th/12th marksheets).

e. आईटीआई प्रमाण- पत्र तथा सभी सेमेस्टर/वर्षों की अंकतालिकाएं, यथाप्रयोज्य |

ITI certificate, and mark sheets of all semesters/years, as applicable.

f. शैक्षणिक/तकनीकी योग्यता केंद्र या राज्य सरकार/किसी अन्य वैधानिक प्राधिकरणों के मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय/तकनीकी शिक्षा बोर्ड से होनी चाहिए।

Educational/Technical qualifications must be from a recognized University/Board of Technical Education of Central or State Government/ Any other Statutory Authorities.

g. अन्य योग्यता/अनुभव प्रमाण- पत्र, यदि कोई हो तो|

Other qualification/experience certificates, if any.

h. भारत सरकार द्वारा अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/अन्य पिछड़ा वर्ग (नॉन क्रीमीलेयर) के लिए निर्धारित प्रारूप में सक्षम प्राधिकारी जारी वैध जाति प्रमाण पत्र |

Valid caste certificate issued by the Competent Authority in the prescribed format of Government of India for SC / ST / OBC (Non-Creamy Layer).

i. आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग (ईडब्ल्यूएस) के लिए भारत सरकार द्वारा निर्धारित प्रारूप में सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी वर्ष 2025-26 हेतु वैध आय एवं सम्पति प्रमाणपत्र |

Income and Assets Certificate Valid for the year 2025-26 issued by a Competent Authority in the prescribed Government of India format for EWS category.

j. बेंचमार्क निशक्तजन के मामले में निर्धारित प्रपत्र में सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी निशक्तता प्रमाण पत्र|

Disability Certificate issued by the Competent Authority in the prescribed format in respect of Person with Benchmark Disabilities (PwBD).

k. संबंधित प्राधिकारी द्वारा जारी ट्रांसजेंडर व्यक्ति के रूप में पहचान का प्रमाण पत्र (यदि लागू हो)।

Certificate of identity as a transgender person issued by concerned Authorities (if applicable).

l. मूल निवासी प्रमाणपत्र (रावतभाटा राजस्थान साइट के 16 किमी की परिधी में निवास करने वाले पात्र स्थानीय अभ्यर्थियों के लिए) |

Domicile Certificate (eligible local candidate/s living within 16 km radius of Rawatbhata Rajasthan Site).

m. पैन कार्ड PAN card

n. आधार कार्ड Aadhaar Card

o. बैंक खाता विवरण Bank Account Details

p. हाल ही में खीची गई पासपोर्ट के आकार की 02 फोटो| Recent 02 nos. of passport sized photographs

विज्ञापन के हिंदी संस्करण में विज्ञापन के निर्वचन में संदेह या विवाद होने की स्थिति में अथवा किसी भी प्रकार की विसंगति की दशा में, केवल अंग्रेजी संस्करण ही सभी प्रयोजनों हेतु मान्य होगा। In case of any ambiguity/dispute arising on account of interpretation of the advertisement or in case of any discrepancy in the Hindi version of the advertisement, the English version shall prevail for all purposes.

नोट करें कि उपर्युक्त विज्ञापन के संबंध में यदि कोई सूचना/शुद्धिपत्र/अनुशेष जारी किया जाता है तो उसे केवल एनपीसीआईएल वेबसाइट "www.npcilcareers.co.in" पर प्रकाशित किया जाएगा| अतः कृपया उक्त वेब पोर्टल का संधर्भ ग्रहण/ विजिट करते रहें |Please note that if any information/corrigendum/addendum is issued on the above advertisement, will be published only on the NPCIL website "www.npcilcareers.co.in". Hence, please keep referring/visiting the said web portal.

प्रबंधक (मा.सं.प्र.) Manager (HRM),

एनपीसीआईएल, महिला -पुरुष समानता वाला कार्यबल तैयार करने के लिए प्रयलशील है और महिला अभ्यर्थियों को आवेदन हेतु प्रोत्साहित किया जाता है।
NPCIL strives to have a workforce which reflects gender balance and women applicants are encouraged to apply

न्यूक्लियर विद्युत- एक स्वच्छ टिकाऊ भविष्य Nuclear Power – Providing a Clean and Sustainable Future

---------------------------------- X ----------------------------------

"स्वच्छ रहो, स्वस्थ रहो"
एनपीसीआईएल, भारत सरकार द्वारा चलाए गए स्वच्छ भारत मिशन को प्रोत्साहित करता है।
न्यूक्लियर विद्युत - एक अपरिहार्य विकल्प